https://www.amarujala.com/uttar-pradesh/kanpur/flatted-factory-built-with-a-budget-of-100-crore-will-be-ready-in-2025-singapore-company-has-taken-one-floor-2024-06-15#google_vignette

Kanpur: सौ करोड़ से बन रही है फ्लैटेड फैक्टरी, 2025 में होगी तैयार...सिंगापुर की कंपनी ने लिया एक फ्लोर

न्यूज डेस्क, अमर उजाला, कानपुर Published by: हिमांशु अवस्थी Updated Sat, 15 Jun 2024 03:59 PM IST

सार

30854 Followers कानपुर

Kanpur News: प्रदेश सरकार की नई एमएसएमई नीति के तहत निजी क्षेत्र के प्रस्ताव पर फ्लैटेड फैक्टरी को विकसित किया जा रहा है। पांच मंजिला फ्लैटेड फैक्टरी का प्रस्ताव सिया मेटल्स प्राइवेट लिमिटेड कंपनी ने दिया था। तीन लाख 58 हजार स्क्वायर मीटर में यह फैक्टरी बन रही है।

सांकेतिक - फोटो : amar ujala

2

Follow Us

विस्तार

कानपुर शहर के गड़रियनपुरवा में बन रही शहर की पहली बहुद्देशीय फ्लैटेड फैक्टरी नवंबर 2025 में बनकर तैयार हो जाएगी। इस फैक्टरी का एक फ्लोर सिंगापुर की मोबाइल कंपनी ने ले लिया है। इसकी बुकिंग पूरी हो गई है। सौ करोड़ से अधिक लागत से बन रही फ्लैटेड फैक्टरी में 200 यूनिटों की स्थापना होगी। इसमें चमड़ा, रेडीमेड, होजरी और सेवा क्षेत्र की कंपनी के कार्यालय होंगे।

प्रदेश सरकार की नई एमएसएमई नीति के तहत निजी क्षेत्र के प्रस्ताव पर इसे विकसित किया जा रहा है। पांच मंजिला फ्लैटेड फैक्टरी का प्रस्ताव सिया मेटल्स प्राइवेट लिमिटेड कंपनी ने दिया था। तीन लाख 58 हजार स्क्वायर मीटर में यह फैक्टरी बन रही है। बेसमेंट भूतल, समेत चार मंजिला इमारत होगी। इसमें प्रदूषण रहित उद्योगों की स्थापना की जाएगी। इसके जरिए प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष तौर पर पांच हजार से ज्यादा लोगों को रोजगार मिल सकेगा।

यहां पर सॉफ्टवेयर, होजरी, चमड़ा, रेडीमेड के अलावा सेवा क्षेत्र की इकाइयां खुल सकेंगी। कंपनी के सीईओ हिमांशु जैन ने बताया कि सिंगापुर की मोबाइल कंपनी ने एक फ्लोर ले लिया है। यहां पर कंपनी मोबाइल फोन और टेलीकम्युनिकेशन के उपकरण बनाएगी। केडीए से नक्शा पास हो चुका है। सड़क बनाई जा चुकी है। निर्माण काम भी जल्द शुरू होगा। एक साल में निर्माण पूरा किया जाएगा।